संख्या-100/2016/1306/नौ-5-2016-3आर0सी0/04

प्रेषक,

उमा शंकर सिंह,
विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र,
लखनऊ।

नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊः दिनांक 22 अप्रैल, 2016

विषयः वित्तीय वर्ष 2016-17 में क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ के कार्मिकों के वेतन एवं भत्तों के भुगतान हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपुर्यक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ हेतु वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-37 में प्रावधानित ₹ 70.00 **लाख (₹ सत्तर लाख मात्र)** को निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने पर राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

(1) यह धनराशि कोषागार से एकमुश्त आहरित कर किसी बैंक/पीएलए/पोस्ट आफिस/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।

(2) स्वीकृत धनराशि उन्हीं कार्मिकों के वेतन/भत्तों पर ही व्यय की जाएगी, जो पद शासन द्वारा स्वीकृत हैं तथा जिसके सापेक्ष कर्मी कार्यरत हैं।

(3) इस धनराशि का उपभोग चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 में अवश्य कर लिया जाय तथा उपयोगिता प्रमाण-पत्र महालेखाकर, उ0प्र0 इलाहाबाद एवं शासन को उपलब्ध कराया जाय।

(4) स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष आहरण हेतु बीजक शासन के सक्षम स्तर से प्रतिहस्ताक्षरित कराकर कोषागार को उपलब्ध कराया जायेगा।

2- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत *लेखाशीर्षक-"2217-शहरी विकास-आयोजनेत्तर-80-सामान्य-800-अन्य व्यय-07-लखनऊ विश्वविद्यालय (रीजनल सेन्टर फार अरबन एण्ड इन्वायरमेन्टल स्टडी) के लिए सहायता-31-सहायता अनुदान-सामान्य (वेतन)"* के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीयविभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(उमा शंकर सिंह)
विशेष कार्याधिकारी।

संख्या-100/2016/1306(1)/नौ-5-2016, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-,

1- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
2- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- निदेशक, स्थानीय निकाय, उ0प्र0 लखनऊ।
4- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
5- रजिस्ट्रार/वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
6- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8
7- गार्ड फाइल/कम्प्यूटर सेल।

आज्ञा से,

(उमा शंकर सिंह)
विशेष कार्याधिकारी।

Allotment Grid Report

वित्तीय वर्ष:-2016-2017

आवंटन दिनांक-22/04/2016

प्रेषण संख्या:- 100

आवंटन आदेश संख्या:- 001-100-2016-1306-9-5-2016-3RC-04

अनुदान संख्या:- 37 नगर विकास विभाग(वित्तीय वर्ष 2016-2017 का आवंटन)

लेखाशीर्षक:- 2217 - शहरी विकास(आयोजनेत्तर-मतदेय)

80 - सामान्य

800 - अन्य व्यय

07 - लखनऊ विश्वविद्यालय (रीजनल सेन्टर फार अरबन एण्ड इनवायर

(धनराशि रु. में)

S.No.	अधिकारी/जनपद का नाम		31-सहायता अनुदान - सामान्य (वेतन)	योग
1	जवाहर भवन, लखनऊ-8002-- , --01-रीजनल सेंटर फार अर्बन एण्ड एनवायरनमेंटल स्टडी	वर्तमान	7000000	7000000
		प्रगामी	7000000	7000000
	योग	वर्तमान	7000000	7000000
		प्रगामी	7000000	7000000

महायोग- (वर्तमान आवंटन):- रूपया सत्तर लाख

महायोग- (प्रगामी आवंटन):- रूपया सत्तर लाख

(उमा शंकर सिंह)

विशेष कार्याधिकारी